नईदुनिया



# हिन्दुओं के चिन्हों से कांग्रेस को नफरत हैः डा. यादव



**भोपाल (काप्र)।** हमारे देश के साधु-संत भगवा पहनते हैं। वे संस्कृति की रक्षा करते हैं। भाजपा भी हमेशा से भगवा की पक्षधर रही है। अब दूरदर्शन के लोगों में भगवा रंग हो गया तो कांग्रेस के लोग उस पर भी आपत्ति उठा रहे हैं। हिन्दुओं के चिन्हों से कांग्रेस को हमेशा से नफरत रही है।

वर्षों तक हमारे देश पर राज करने वाले अंग्रेजों ने भी जो पाप और काम नहीं किए उन कामों को करने का पाप कांग्रेस पार्टी ने किया है। 500 साल से बाहर बैठे भगवान श्रीराम को 70 सालों तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस पार्टी मंदिर में विराजमान नहीं करवा सकी। हम सौभाग्यशाली हैं कि हम उस देश में रह रहे हैं, जहां गीता, गंगा और गौ माता को पूजा जाता है और उनके कारण ही दुनिया में भारत की संस्कृति जीवित है, हमेशा पूजती रही और अब उस संस्कृति एवं भारत माता की आन, शान बान को बचाने के लिए उनके पीछे 56 इंच का सीने लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खड़े हैं। यह चुनाव भारत को दुनिया का नंबर वन देश और मध्यप्रदेश को नंबर एक का प्रदेश बनाने के लिए है। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री जनार्दन मिश्रा के समर्थन में सेमरिया विधानसभा, सतना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गणेश सिंह के समर्थन में अमरपाटन विधानसभा, दमोह लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राहुल लोधी के समर्थन में बण्डा विधानसभा में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक के समर्थन में छतरपुर में आयोजित रोड शो में भी सहभागिता की एवं जनसभा को भी संबोधित किया। सेमरिया में आयोजित जनसभा को उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस के लोग हमारे अपने देश को लजाने का काम करते हैं और वोट मांगने सबके पास जाते हैं। ये नादान कांग्रेस के लोग थे, जिन्होंने भगवान श्रीराम के आमंत्रण को भी ठुकराया। वे अयोध्या में दर्शन करने अंदर नहीं आए। भगवान श्रीराम 500 वर्षों तक खुले आसमान के नीचे बैठे रहे और कांग्रेस पार्टी ने 70 सालों तक देश पर राज किया, लेकिन ये भगवान श्रीराम को मंदिर में विराजमान नहीं करवा पाए। कांग्रेस को जितना हिंदू समाज और मुस्लिम समाज को परेशान करना था कर लिया। वे भगवा का भी अपमान करते हैं। ये केवल भगवा का अपमान नहीं, यहां के देशभक्त मुसलमान को भी हिंदू-मुसलमान में लड़ाने का प्रयास करते हैं। श्रीराम मंदिर को लेकर देश में जब-जब दंगे हुए। कांग्रेस की सरकार में दंगे हुए। कश्मीर के अंदर 40 हजार से अधिक लोगों की हत्या हो चुकी है। ये हत्या का कलंक कांग्रेस के माथे पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कांग्रेस के अतीत को देखेंगे तो बनारस हिंदू विश्वविद्यालय किसी ने स्थापित किया तो तत्कालीन कांग्रेस के अध्यक्ष पंडित मदन मोहन मालवीय ने स्थापित किया था। बाल गंगाधर तिलक भी कांग्रेस के अध्यक्ष रहे, उन्होंने जगह-जगह भगवान गणेशजी के लिए गणेश उत्सव की स्थापना कर दी और वर्तमान कांग्रेस तो सनातन धर्म को ही बदनाम करने में जुटी हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 1857 की लड़ाई हिंदू-मुस्लिम दोनों ने मिलकर लड़ी, लेकिन अंग्रेजों ने फूट डालने का बीज डाला।

# नेताओं का जमावड़ा है इंडी गठबंधन, यह क्या देश का भला करेंगे : नरोत्तम



**भोपाल (काप्र)।** यह लोकसभा चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है। एक तरफ भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और विश्व गुरू बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं, तो दूसरी तरफ भ्रष्ट लोगों का इंडी गठबंधन है।

इंडी गठबंधन राजनीतिक दलों का ऐसा गठबंधन है जिसके आधे नेता या तो जेल में हैं या बेल पर हैं। ऐसे नेताओं को वोट देने का मतलब अपने अमूल्य मत को बर्बाद करना है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री व न्यू ज्वॉइनिग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने दतिया के ईशागढ़ में भिंड लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने सभा कहा कि इंडी इस गठबंधन में शामिल दलों को ही पता नहीं कि उनका यह गठबंधन कब तक टिकेगा, ऐसे में देश की जनता को वे क्या भरोसा दे पाएंगे। इंडी गठबंधन की सरकार को किसी भी स्थिति में बनने वाली नहीं है, लेकिन वे अपना नेता भी नहीं चुन पाए हैं। वहीं नरेन्द्र मोदी जी के प्रति देश की जनता का अटूट विश्वास है। देश की जनता नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। पूर्व मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल सभी परिवारवादी पार्टियां हैं। कांग्रेस तो एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई है। एक ही परिवार की तीन पीढ़ियां पार्टी को चलाती आ रही हैं। इंडी गठबंधन में शामिल दल अपने-अपने परिवार का भला करने, भ्रष्टाचार करने के लिए सत्ता में आने का प्रचास कर ही हैं। ऐसे राजनीतिक दल देश का भला कभी नहीं कर सकते।

# ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग शिविर में पहली बार आधुनिक उपकरणों का उपयोग

**भोपाल काप्र। जिला चिकित्सालय, भोपाल में पहली बार ओरल कैंसर स्क्रीनिंग एवं उपचार के लिए ऑटोफ्लोरेंस आधारित उपकरण वेलस्कोप एवं गूकल्स की विशेष सुविधा शुरू हो गई है।**

अस्पताल के डेंटल विंग में यह जांच निश्शुल्क की जा रही है। इसके माध्यम से शुरुआत में ही डायग्नोसिस किया जा सकता है जिससे लेट डायग्नोसिस के कारण होने वाली विरूपता एवं अन्य परेशानियों से बचा जा सकता है।

स्क्रीनिंग के लिए दंत रोग विशेषज्ञों डॉ रुचिता खाड़े, डॉ शिवांगिनी नायक, डा. हुमेरा, डॉ. शैजाह अनीस, डॉ. अपेक्षा की ड्यूटी लगाई गई है। जिला चिकित्सालय में उपलब्ध इस विशेष जांच के संबंध में अस्पताल प्रबंधक श्री प्रेमचंद गुप्ता, मोबाइल नम्बर - 8319749060 पर संपर्क किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि मुंह में सफेद अथवा लाल चकत्ता या घाव होना, मुंह की किसी जगह की त्वचा का कड़ा होना, चबाने, निगलने या बोलने में कठिनाई होना, मुंह खोलने में कठिनाई होना, आवाज में परिवर्तन होना आदि ओवरकैंसर के लक्षण हो सकते हैं। तंबाखू उत्पादों जैसे गुटखा, खैनी, जर्दा, बीड़ी, सिगरेट का उपयोग करने वालों में ओवरकैंसर होने की आशंका अन्य लोगों से बहुत अधिक होती है। अत: उपरोक्त लक्षणों वाले लोगों एवं तंबाकू का उपयोग करने वालों को आवश्यक रूप से स्क्रीनिंग करवाते रहना चाहिए।

# अज्ञात हमलावार ने किया कार पार्क कर रहे डॉक्टर की हत्या का प्रयास

**भोपाल( काप्र)।** पिपलानी थाना इलाके में बीती रात घर के सामने कार पार्क कर रहे डॉक्टर पर अज्ञात बदमाश ने चाकू से घातक वार कर दिये। चाकू के वार डॉक्टर के पेट, सिर और कोहनी के पास लगने से उन्हें घातक वार लगने से वह गंभीर रुप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिये चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक डॉक्टर मकान नंबर 102-कल्पना नगर पिपलानी में रहने वाले रितेश सहगल पिता स्वर्गीय अशोक कुमार सहगल (42) डेंटिस्ट है। रितेश अपने काम के चलते सिवनी गए थे। बीती रात करीब 10 बजे सिवनी से वापस लौटे और घर के सामने कार पार्क करने लगे। कार पार्क करने के बाद जैसै ही वह वाहन से बाहर उतरे तभी अज्ञात बदमाश चाकू लेकर आया और उन पर ताबड़तोड़ वार करना शुरु कर दिए। बदमाश ने उनके पेट, हाथ और सिर पर वार किए थे। अपना बचाव करते हुए उन्होंने मदद के लिए शोर मचाया तब तक परिवार वाले बाहर आते तब तक बदमाश उन्हें घायल कर भाग चुका था। परिजन उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिये चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे है। वहां उनका उपचार जारी है। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉक्टर की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

# लोस चुनाव के चलते टला सिविल सर्विस डे कार्यक्रम

**भोपाल (काप्र)।** मध्य प्रदेश में आईएएस, आईपीएस और आईएफएस सर्विस मीट के बाद अब 17वें सिविल सर्विस डे पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसरों का होने वाला कार्यक्रम चुनाव के चलते टाल दिया गया है। हर साल सिविल सर्विस डे पर आईएएस अफसरों का प्रबोधन कार्यक्रम आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन की ओर से प्रशासन अकादमी में किया जाता था, जिसमें बदलते दौर में आईएएस अफसरों की भूमिका पर एक्सपर्ट्स के साथ चर्चा कराई जाती रही है।

मध्यप्रदेश आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जेएन कंसोटिया और सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी से बताया कि लोकसभा चुनाव के चलते सभी अधिकारी चुनाव कार्य में व्यस्त हैं। इसलिए इस साल सिविल सर्विस डे कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया है। दूसरी ओर, यह बात भी सामने आई है कि एमपी के तीन दर्जन से अधिक आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारी दूसरे राज्यों में आब्जर्वर बनकर गए हैं। कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत चुनाव कार्यों में व्यस्त हैं। ऐसे में यहां सिविल सर्विस डे के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए अधिकारियों का भी टोटा है। इसके पहले 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी इसी तरह की दिक्कत आई थी। गौरतलब है कि इसके पहले 2023 की आईएएस सर्विस मीट भी विधानसभा चुनावों के कारण टाल दी गई थी। आईएएस आफिसर्स एसोसिएशन ने दिसम्बर में होने वाली मीट को पहले एक माह के लिए टाला था लेकिन बाद में यह साल भर के लिए टाल दी गई। इसी तरह आईपीएस और आईएफएस सर्विस मीट भी 2023 में नहीं हो पाई। इन अधिकारियों की मीट भी बार-बार टलने के बाद सालभर के लिए टाल दी गई है।

2006 में पहला सिविल सर्विस डे आयोजन

देश में सिविल सर्विस डे का पहला आयोजन साल 2006 में 21 अप्रैल को किया गया था जिसके बाद से यह लगातार मनाया जाता रहा है। वर्ष 2020 में कोविड बीमारी के दौरान लॉकडाउन में भी इस सर्विस डे का आयोजन किया था, हालांकि तब इसका आयोजन वर्चुअल रूप से किया था। इसके बाद 2021 में कोरोना के सेकेंड फेज पीक पर होने के कारण सिविल सर्विस डे नहीं मना था। बताया जाता है कि देश के आजाद होने के बाद भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 21 अप्रैल को ही सिविल सेवकों के पहले बैच को दिल्ली स्थित मैटकाफे हाउस में संबोधित किया था जिसके बाद से यह दिवस मनाया जाने लगा।

# सोने के जेवरात मांग कर ले गया और हड़प लिये

**भोपाल ( काप्र)।** कमला नगर पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। आरोप है की उसने दो घंटे के लिए महिला से सोने के जेवरात परिचित को देने के बहाने लिए थे। लेकिन सात महीने बाद भी जेवरात नहीं वापस नहीं लौटाए। पुलिस के अनुसार करोंद निशातपुरा निवासी नीलम साहू पत्नी जितेन्द्र साहू (34) ने लिखित शिकायत करते हुए बताया की करीब डेढ़ माह पहले तक वह नेहरू नगर स्थित लवली स्पा सेंटर में रिसेप्शनिस्ट की नौकरी करती थीं, बाद में स्पा सेंटर बंद हो गया। स्पा सेंटर में काम करने के दौरान उनका परिचिय राहुल राजपूत नामक युवक से हो गया था। वह स्पा सेंटर की महिला संचालिका का परिचित है। सितंबर 2023 में स्पा सेंटर की संचालिका को किसी कार्यक्रम में जाने के लिए जेवरात की जरूरत थी। इस पर संचालिका के परिचित राहुल ने नीलम साहू से दो घंटे के लिए उनके जेवरात मांगे। नीलम साहू ने सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी समेत कान की बाली राहुल को दिए थे। जॉच के बाद पुलिस ने राहुल राजपूत के खिलाफ अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### जो चुनाव नहीं...

सोनिया गांधी थीं। पीएम मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की बैठक में बड़े रौब से फाड़ कर फेंक देते थे। राहुल गांधी ने साल 2013 में दोषी सांसदों को अयोग्यता से बचाने के लिए यूपीए सरकार के अध्यादेश को फाड़कर फेंक दिया था। मोदी ने सवाल किया कि जरा कल्पना कीजिए, एक सत्तारूढ़ पार्टी के नेता द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक कैबिनेट नोट फाड़ दिया जाता है। क्या ऐसी कमजोर व्यवस्था देश को मजबूत बना सकती है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी आज की स्थिति के लिए खुद जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी कभी 400 (लोकसभा) सीटें जीतती थी, वह अब 300 सीटों पर भी चुनाव नहीं लड़ सकती। उसे उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। भाजपा और जालोर सिरोही का रिश्ता बहुत खास बताते हुए कहा कि आपने हर बार भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है और इस बार भी जालोर सिरोही यही कह रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पांच वर्ष तक जो कांग्रेस की सरकार थी उसने पानी की योजना में भी घोटाला किया जबकि हम हर घर पानी पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा मोदी ने गारंटी दी है कि हर परिवार में 70 वर्ष के ऊपर की आयु के बुजुर्गों के इलाज का पांच लाख रुपये तक का खर्च दिल्ली में बैठा उनका ये बेटा उठाएगा। एक बेटे के रूप में मां-बाप की सेहत का ध्यान रखना मेरा दायित्व है।

### वंशवादी राजनीति को...

राम मंदिर निर्माण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों का हल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा, हमने बेघर लोगों को हजारों आवास उपलब्ध कराए और विभिन्न सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाया, जिससे ग्रामीण लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ। नड्डा ने कहा कि भाजपा नीत सरकार नागरिकता (संशोधन) अधिनियम लाई, जो उत्पीड़ित हिंदुओं, पारसियों और ईसाइयों (पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए) को भारतीय नागरिकता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उनकी मदद के लिए कभी ऐसे कदम नहीं उठाए। नड्डा ने कहा, मोदी के सत्ता में आने के बाद देश की राजनीति बदल गई और सरकार लोगों के प्रति अधिक जवाबदेह हो गई। एक तरह से सरकार अधिक जिम्मेदार हो गई है। महाराष्ट्र में बुलढाणा और सात अन्य लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होना है।

### बिहार को लालटेन...

किया। काका साहेब कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को दबाया और मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गरीबों, पिछड़ों और ओबीसी सभी पर अत्याचार हुआ। जब से एनडीए सरकार सत्ता में आई है और नीतीश सीएम बने हैं, तब से सभी पर अत्याचार बंद हो गया है। नीतीश जी ने हर गांव और हर घर में बिजली पहुंचा दी है, लेकिन इंडिया गठबंधन बिहार को लालटेन युग में वापस ले जाना और ओबीसी पर अत्याचार करना चाहता है। शाह ने कहा कि मोदी जी ने नक्सलवाद खत्म किया और आतंकवाद पर नकेल कसी। यूपीए सरकार थी और पाकिस्तान से आतंकी आकर यहां बम धमाके करते थे। उरी और पुलवामा हमले के 10 दिन के अंदर मोदी जी ने पाकिस्तान में सर्जिकल और एयर स्ट्राइक की, और आतंकवादियों का सफाया कर दिया। अमित शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि बीजेपी ने नरेंद्र मोदी को पहला ओबीसी प्रधानमंत्री बनाया। उन्होंने कहा कि हमने एक गरीब चाय बेचने वाले के बेटे को पीएम बनाया। मोदी जी ने अपने कैबिनेट में 35 फीसदी पिछड़े और अति पिछड़े सांसदों को मंत्री बनाया और 16 नई जातियों को ओबीसी में जोड़ने का काम किया। हमने 80 लाख से ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन दिया। 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए और 10 करोड़ से अधिक माताओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिए।

### ताले टूटेंगे, केजरीवाल...

शुगर का मरीज है। और वह पिछले 12 साल से हर दिन 50 यूनिट इंसुलिन ले रहे हैं। लेकिन जेल में उन्हें इंसुलिन नहीं दिया जा रहा है। वे दिल्ली के सीएम को मारना चाहते हैं। वे बहुत बहादुर हैं। वह शेर है, उन्हें जेल में भी भारत माता की चिंता है। सुनीता केजरीवाल ने आगे कहा कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया है। उन्होंने बिना दोषी साबित हुए ही उन्हें जेल में डाल दिया है। ये तानाशाही है। मेरे पति का क्या दोष? क्या यह अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है? देशभक्ति उनके खून में है। वह एक आईआईटीयन हैं, वह विदेश जा सकते थे, लेकिन वह देशभक्ति को प्राथमिकता देते हैं। आईआरएस के रूप में, उन्होंने सार्वजनिक सेवा करने के लिए छुट्टियाँ लीं। उन्होंने लोगों के लिए अपनी जिंदगी दांव पर लगा दी है।

### देश का भरोसा सिर्फ...

अनुराग ने आगे कांग्रेस की सोच को देश विरोधी करार देते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा से देश विरोधी सोच रखती है। इन्होंने रक्षा सौदों में कई घोटाले किए हैं। जीप घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, बोफोर्स घोटाला, सबमरीन घोटाला इत्यादि कुछ नाम मात्र हैं। अब यही कांग्रेस और उनके सहयोगी भारत के न्यूक्लियर हथियारों को खत्म करने की वकालत कर रहे हैं। और ऐसा तब जब दुनिया के विभिन्न हिस्सों में युद्ध जैसे हालात हैं। ऐसे में भारत को और मजबूत बनाने की बात होनी चाहिए लेकिन कांग्रेस देश को कमजोर करने की बात कर रही है।

# कॉलेज में मित्रता करने से पहले लोगों को परखेंः सिद्धभाऊ



**भोपाल (हिनप्र)।** प्रवेश लेने के पश्चात अपने सीनियर्स के शालीनता रखकर व्यवहार करें ताकि आपको वहां किसी भी तरह की परेशानी न हो। मित्रता करने से पहले लोगों को परखें। स्वार्थी लोगों से दूर रहें।

यह बात शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी के अध्यक्ष सिद्धभाऊजी ने कहा। वह नवनिध कन्या विद्यालय के आशीर्वाद समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

भाऊ ने कहा, आप हमेशा विद्यालय में अनुशासन में रही हैं। महाविद्यालय में स्वच्छंदतापूर्ण वातावरण मिलेगा। वहां जाकर ऐसे मित्रों का चयन करना है, जो हमें आगे बढ़ने में मदद करें। माता- पिता के त्याग को सामने रखकर सही निर्णय लें। संस्था के केएल रामनानी ने कहा कि विद्यालय के बाद महाविद्यालय में प्रवेश करना आपके जीवन की दूसरी पारी की शुरुआत है। विद्यालय में शिक्षक व्यवहारिक ज्ञान और किताबी ज्ञान सिखाते हैं और आपके माता-पिता हर कदम पर आपका साथ देते हैं। महाविद्यालय में अपेक्षाएं अधिक हैं। स्वयं का आकलन खुद करना है।

विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी और संत कन्या महाविद्यालय की उप प्राचार्या मीनू टहलयानी ने कहा लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पहले अपनी मंजिल का निर्धारण करें। विद्यालय के बाद की शिक्षा के लिए उचित महाविद्यालय का चयन आवश्यक है। विद्यालय द्वारा कक्षा 12वीं की छात्राओं को उपहार स्वरूप स्मृति चिन्ह एवं पौधे प्रदान किए गए। छात्राओं ने विद्यालयीन जीवन के अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में सोसायटी के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव घनश्याम बूलचंदानी, सह सचिव के. एल. रामनानी, अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, मैनेजमेंट मेंबर के.एल. लुहाना, भगवान दामानी, मनोहर वासवानी, राजकुमार मूलचंदानी, उपप्राचार्य रेखा केवलानी, विद्या सागर पब्लिक स्कूल की प्राचार्या मिष्ठी वासवानी व शाला परिवार के सदस्य मौजूद थे।

# भारत- तिब्बत सहयोग मंच में राधे महाराज प्रांत मंत्री

**भोपाल (हिनप्र)।** भारत-तिब्बत सहयोग मंच में संतनगर के चन्द्रशेखर तिवारी (राधे महाराज) को मध्यभरत प्रांत का मंत्री नियुक्त किया गया है। मंच तिब्बत की आजादी, कैलाश मानसरोवर की चीन के कब्जे से मुक्ति के लिए काम कर रहा है, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम कर रहा है। देश में जन जागरण अभियान चला रहा है। चंद्रशेखर तिवारी की नियुक्ति मंच के राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल की सहमति से की गई है।



## राहुल को भाजपा ने दी बूथ प्रबंधन की जिम्मेदारी

**भोपाल (हिनप्र)।** भाजपा ने भोपाल संसदीय सीट के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत को सौंपी है। राजपूत संसदीय सीट की आठ विधानसभा क्षेत्रों के 43 मंडलों एवं 2335 बूथ के प्रबंधन देखेंगे। मंडल एवं बूथ स्तर पर बैठकें शुरू कर दी हैं। सात मई को भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के पक्ष में मतदान कराने के लिए कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं।



# मध्यप्रदेश में गेहूं का रकबा घटा खरीदी की रफ्तार भी धीमी

**भोपाल (काप्र)।** देश के बड़े उत्पादक राज्यों में शामिल मध्य प्रदेश में गेहूं का रकबा घट रहा है तो अब सरकारी खरीदी में भी पिछड़ रहा है। पिछले 3 साल में गेहूं की सरकारी खरीद लगातार घटी है। इस साल भी मप्र 100 लाख मीट्रिक टन के टारगेट से आधे पर ही रुक सकता है।

20 मार्च से शुरू हुई सरकारी खरीद के बीच अब तक सिर्फ 25 लाख मीट्रिक टन गेहूं ही सरकारी गोदामों में पहुंचा है। केंद्र सरकार ने इस साल गेहूं खरीद का टारगेट 23 प्रतिशत बढ़ाते हुए लगभग 320 से 330 एलएमटी तय किया है। हालांकि राज्यों द्वारा बोनस नहीं देने या नाममात्र का बोनस देने की वजह से सरकारी मूल्य मंडियों में चल रही कीमतों से पीछे हैं। मप्र में 20 मार्च को 2400 रुपए में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होने के साथ ही प्रदेश की मंडियों में भाव 2200 से 2600 रुपए है। भारतीय किसान संघ के प्रवक्ता राहुल धूत ने कहा कि 2700 एमएसपी होने पर सरकारी खरीद बढिया होती। 15 मार्च को भोपाल और आसपास के क्षेत्र में गेहूं की खरीद 20 मार्च के बाद शुरू हुई। किसानों को सोसाइटी में भुगतान की अंतिम तिथि 31 मार्च होती है, जो 30 अप्रैल तक बढ़ाई गई। इस वजह से किसानों ने जल्दबाजी में फसल बेचकर भुगतान किया। पिछले 5 सालों में गेहूं का रकबा भी घटा है।

मप्र में गेहूं का रकबा 87 लाख हेक्टेयर था जबकि लक्ष्य 90.71 लाख हेक्टेयर था। साल 2020 -21 में ये रकबा लगभग 88 लाख हेक्टेयर था। 21-22 में बढकर 93.86 लाख हेक्टेयर हो गया और 2022 -23 में 86.30 लाख हेक्टेयर हो गया।

# ईडी के रडार पर आबकारी विभाग,फर्जी बैंक गांरटी मामले में दर्ज की प्राथमिकी

**भोपाल (काप्र)।** दिल्ली में हुए शराब घोटाले के बाद अब ईडी (डायरेक्टरेट ऑफ एनफोर्समेंट)ने अब मप्र के शराब ठेकों में हुए करोड़ों की फर्जी बैंक गांरटी मामले को अपने रडार पर लिया है।

आठ साल पहले इंदौर जिले के शराब ठेकों में 42 करोड़ रुपए के फर्जी बैंक गारंटी लगाने के मामले में इंडी ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, करीब सात साल पहले हुए 42 करोड़ रुपये के फर्जी बैंक चालान के घपले से भी अधिकारियों ने सीख नहीं ली। उस समय हुए घोटाले में शराब ठेकेदारों के साथ ही कुछ अधिकारियों की भी मिलीभगत सामने आई थी और कई अधिकारी निलंबित भी हुए थे। उस मामले की जांच अब तक चल रही है और उसके बाद फर्जी एफडीआर के कई मामले सामने आ चुके हैं। इन मामलों में भी शराब ठेकेदारों ने बैंक की फर्जी एफडीआर बनवाकर शासन को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाया। ऐसे में जैसे ही ईडी ने इस दिशा में जांच शुरू की है आबकारी विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों में हडकंप मच गया है।

गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में मप्र में ठेकेदारों द्वारा बैंक गारंटी के रूप में फर्जी एफडीआरबनवाकर शराब दुकानों का ठेका लेने के मामले बढ़े हैं। जानकारों का कहना है कि इसमें आबकारी विभाग के अधिकारियों की भी मिलीभगत है। बार-बार हो रही गलतियों और घोटालों के कारण वाणिज्यकर विभाग की बदनामी हो रही है। लेकिन अब ईडी ने इंदौर में हुए 42 करोड़ रूपए के फर्जी बैंक चालान मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है। साथ ही जांच में प्रदेश के विभिन्न जिलों में पिछले वर्षों में हुए फर्जी बैंक गारंटी के आधार पर शराब ठेके लेने के मामलों को भी शामिल कर लिया गया है। आबकारी विभाग प्रदेश के सबसे कमाऊ विभागों में से एक है। इस विभाग में घपले-घोटाले होते रहते हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों से फर्जी बैंक गारंटी लगाकर शराब ठेका लेने के मामले बढ़ गए हैं। अब प्रदेश में इस तरह के मामलों में जितनी एफआईआर हुई है, उसकी जानकारी भी ईडी ने मांगी है। ईडी की कार्रवाई की भनक लगते ही आबकारी विभाग के अधिकारियों तथा ठेकेदारों में हडकंप मच गया है। ईडी की टीम कुछ आईएएस अधिकारियों की भूमिका की भी जांच कर सकती है।